गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई-मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2023 19.05.2023

लिस्टिन्ग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),मुंबई-400 051 **स्क्रिप कोड: गेल – ईक्यू**	लिस्टिन्ग अनुपालन बीएसई लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001 **स्क्रिप कोड: 532155**

विषय : <u>सरकार द्वारा नामित निदेशक(कों) का नामांकन</u>

महोदय/महोदया,

यह उपर्युक्त विषय पर हमारे समसंख्यक पत्र दिनांक 16.05.2023 के अनुक्रम में है ।

गेल के निदेशक मंडल में प्रभावी तिथि 16.05.2023 को नियुक्त निम्नलिखित दो सरकार नामित निदेशकों से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है:

1. श्री प्रवीण मल खनूजा, अपर सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (डीआईएन 09746472)
2. श्री कुशाग्र मित्तल, उप सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (डीआईएन 09026246)

1. श्री प्रवीण मल खनूजा, अपर सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

क) संक्षिप्त प्रोफ़ाइल:

श्री प्रवीण मल खनूजा केमिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक और मैनेजमेंट एंड सिस्टम्स में एमटेक हैं। वह भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा सेवा (IA&AS) के 1994 बैच के हैं और उन्होंने रक्षा लेखापरीक्षा, रेलवे लेखापरीक्षा, राज्य सरकार लेखा और लेखापरीक्षा के विभिन्न विभागों और मुख्यालयों में विविध पदों पर काम किया है। इससे पूर्व उन्होंने राजस्व विभाग और केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड के निदेशक (वित्त); स्टेट ऑडिट इंस्टीट्यूशन, सल्तनत ऑफ ओमान के विशेषज्ञ और सेंट्रल इकोनॉमिक इंटेलिजेंस ब्यूरो में एडिशनल डीजी के रूप में भी सेवाएं प्रदान की है। वह वर्तमान में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अपर सचिव के रूप में कार्यरत हैं। इस कार्यभार से पूर्व वह नवंबर 2019 से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से संबद्ध कार्यालय, पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण सेल (PPAC) के महानिदेशक थे।

ख) <u>निदेशकों के बीच संबंधों का प्रकटीकरण: -</u>

श्री प्रवीण मल खनूजा का कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ कोई संबंध नहीं है।

ग) इसके अलावा, यह पुष्टि की जाती है कि श्री प्रवीण मल खनूजा को किसी भी सेबी/निगमित मामलों के मंत्रालय या ऐसे किसी भी वैधानिक प्राधिकरण के आधार पर निदेशक का पद संभालने से वंचित नहीं किया गया है ।

2. <u>श्री कुशाग्र मित्तल, उप सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय</u>

क) <u>संक्षिप्त प्रोफ़ाइल:</u>

श्री कुशाग्र मित्तल एमएनएनआईटी, इलाहाबाद से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक हैं । इसके पश्चात उन्होंने आईआईएम, बैंगलोर से पब्लिक पॉलिसी में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की, जहाँ उन्हें सर्वोत्तम समग्र निष्पादन हेतु डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

श्री कुशाग्र मित्तल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उप सचिव के रूप में कार्यरत हैं। वह 2010 के सिविल सेवा बैच के एक आईआरटीएस अधिकारी हैं। वह मंत्रालय के विभिन्न विपणन प्रभाग और विदेशी मूल्य निर्धारण नीति, एलपीजी वर्टिकल से संबंधित मामलों का निर्वहन करते हैं । उन्होंने पश्चिमी रेलवे के विभिन्न मंडलों में सहायक प्रचालन प्रबंधक, मंडल प्रचालन प्रबंधक, क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक और वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक के रूप में कार्य किया है, जहां उन्होंने सामान्य प्रशासन के अलावा ट्रेन संचालन और व्यवसाय विकास का कार्य भी संपन्न किया है। सिविल सेवा में शामिल होने से पूर्व, उन्होंने बीएचईएल में कार्य किया है, जो एक महारत्न सीपीएसई थर्मल पावर प्लांट डिजाइन है। उनकी व्यावसायिक प्रक्रियाओं और वित्तीय प्रबंधन में गहरी रुचि है और वे व्यवहार अर्थशास्त्र के प्रति उत्साही हैं।

ख) <u>निदेशकों के बीच संबंधों का प्रकटीकरण: -</u>

श्री कुशाग्र मित्तल का कंपनी के अन्य निदेशकों के साथ कोई संबंध नहीं है।

ग) इसके अलावा, यह पुष्टि की जाती है कि श्री कुशाग्र मित्तल को सेबी के किसी भी आदेश या ऐसे किसी अन्य प्राधिकरण के आधार पर निदेशक के पद पर रहने से वंचित नहीं किया गया हैं।

यह सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुपालन में है ।

उपर्युक्त आपकी सूचना एवं रिकॉर्ड हेतु है ।

धन्यवाद,

भवदीय,

महेश

(महेश कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव